प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में कैलाश मानसरोवर के 555 यात्रियों को वितरित की एक लाख रुपये की सहायता राशि : कहा – धार्मिक पर्यटन के विकास के लिए लगातार काम कर रही है सरकार।
2. मुख्यमंत्री ने मिर्जापुर में चत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों को परखा : कहा– विन्ध्याचल धाम को वैश्विक पहचान दिलाएगा मां विंध्यवासिनो कॉरिडोर।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू के तीन दिवसीय दौरे को लेकर अयोध्या, मथुरा और वृंदावन में तैयारियां तेज : रामनगरी में ढाई सौ कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर करेंगे स्वागत। और
4. भारतीय पोत नंदा देवी लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा देश : केंद्र सरकार ने राज्यों को पत्र लिखकर पाइपलाइन बिछाने की लंबित अनुमतियों को स्वतः स्वीकृति देने का किया आग्रह।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कैलाश मानसरोवर के पांच सौ पचपन यात्रियों को एक–एक लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में अयोध्या, काशी, मथुरा,

चित्रकूट और नैमिष धाम समेत बौद्ध धर्म स्थलां पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विकास किया गया है। इसी क्रम में सरकार ने वर्ष 2017–18 में गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण कराया, जहां भोजन और ठहरने समुचित सुविधा ह। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पर्यटन विकास के लिए काम कर रही है ताकि रोजगार के अवसर भी बढ़ें। बाइट.....

*डबल इंजन की सरकार का पूरा फोकस है इस बात को लेकर के कि हम लोग इस क्षेत्र में जो संभावनाएं हैं उन संभावनाओं को तेजी के साथ आगे बढ़ा सकें और उन संभावनाओं के माध्यम से प्रदेश के विकास और उसके माध्यम से नए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवा सकें। आज के दिन पर उत्तर प्रदेश में लखनऊ में भी, अयोध्या में भी, काशी में भी, प्रयागराज में अन्य तीर्थ स्थलों में पर्यटन के लिए और पर्यटकों के लिए ढेर सारी सुविधाएं पिछले आठ नौ वर्षों के अंदर सरकार ने उपलब्ध करवाई है और इन सुविधाओं को और अच्छा करने का प्रयास भी किया जा रहा है।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद मिर्जापुर में चत्र नवरात्रि मेले की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चत्र नवरात्रि और रामनवमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, बेहतर स्वच्छता और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने विंध्याचल धाम में आज मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस मौके पर श्री योगी ने मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर का अवलोकन कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री योगी ने कहा कि यह परियोजना केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विन्ध्याचल की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि विंध्य कॉरिडोर परियोजना न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी। यह परियोजना भारतीय सनातन परंपरा और आधुनिक वास्तुकला का अद्भुत संगम है। विंध्य कॉरिडोर विन्ध्याचल धाम को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ–साथ श्रद्धालुओं के लिए भव्य और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करेगा। एस0एस0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च से तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे को लेकर अयोध्या, मथुरा और वृंदावन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रामनगरी में एयरपोर्ट से श्री राम मंदिर तक राष्ट्रपति के भव्य स्वागत की योजना बनाई गई है। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग के प्रयास से एयरपोर्ट से राम मंदिर गेट तक शहर की सड़कों पर करीब 20 सांस्कृतिक मंच सजाए जाएंगे, जहां लगभग ढाई सौ कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं मथुरा–वृंदावन में राष्ट्रपति के भव्य स्वागत के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किय जा रहे हैं। मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बाइट...

*राष्ट्रपति महोदया के विजिट को लेकर के पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जो तीन दिवस का कार्यक्रम है उसमें विभिन्न मंदिर, आश्रम, हास्पिटल और गोवर्धन जी की परिक्रमा का प्रस्तावित है। जिसके लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी पड़ावों पर एस.पी. रैंक के अधिकारी प्रभारी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त सादे वस्त्रों में ड्यूटी, पी.ए.सी. का डेप्लॉयमेंट, सोशल मीडिया की निगरानी और ऐसे जो भी बैड इलेमेन्टस हैं, उनकी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। लगातार हमारे लोग मजिस्ट्रेट और पुलिस ऑफिसर्स सभी स्थानों पर भ्रमण कर बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं।*

——————————

प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को अब सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली ग्रेच्युटी राशि की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गयी है। जारी शासनादेश के अनुसार, यह बढ़ी हुई सीमा उसी स्थिति में लागू होगी, जब महंगाई भत्ता डीए मूल वेतन का 50 फीसदी हो जाएगा। ऐसा होने से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय अधिक आर्थिक लाभ होगा।

——————————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज सिधौली के सामुदायिक केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र में गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसी को नोटिस देकर एक सप्ताह का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। श्री पाठक ने एक्स–रे के लिए

मरीजों की लंबी लाइन देख कर भी नाराजगी जताई। उन्होंने जनरेटर ऑन करवाकर एक्स–रे शुरू कराया। साथ ही पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारां का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारतीय पोत नंदा देवी लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह पोत कतर से रवाना हुआ था और होर्मुज जल–डमरू–मध्य होते हुए भारत पहुंचा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि दोनों एलपीजी वाहकों–

शिवालिक और नंदा देवी से माल उतारने का काम चल रहा है। उन्होंन कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक और जहाज सुरक्षित हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। बाइट...

*क्रूड एलिबिलिटी सामान्य है। हमारी रिफाइनरीज अधिकतम स्तर पर काम कर रही हैं। गुणवत्ता उत्पाद पर कोई शॉर्टकट नहीं है। पेट्रोल एवं डीजल उपकरण मात्रा में उपलब्ध है। भारत सरकार का यह प्रयास है कि एल.पी.जी. कंजुमर हैं अगर वह पी.एन.जी. पर शिफ्ट हो तो अच्छा होगा। इसी दिशा में भारत सरकार भी प्रयासरत है*

सुश्री सुजाता ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पाइपलाइन बिछाने के लिए लंबित अनुमतियों को स्वतः स्वीकृति दे दी जाए और नए आवेदनों को 24 घंटे के भीतर मंजूरी दी जाए।

वहीं राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में पूरे प्रदेश में कालाबाजारी और अवैध बिक्रो के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही खाद्य आयुक्त कार्यालय में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

———————————

वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के 22 छात्र–छात्राएं चार दिनों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेंगलुरु

के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो जाएंगे। वाराणसी मंडल के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक–बेसिक हेमंत राव ने बताया कि फरवरी में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत मंडलीय स्तर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिए चुना गया है। प्रत्येक जिले से दो–दो विद्यार्थियों का चयन किया गया है। बेंगलुरु भ्रमण के दौरान छात्र– छात्राएं प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों के साथ राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को भी देखेंगे।

————————

हमीरपुर में 23 से 27 मार्च तक चौरा देवी प्रांगण में हमीरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति और विरासत का वृहद प्रचार–प्रसार करना है।

————————

लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले सभी मैचों के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन ने पहली बार एम–टिकट की सुविधा शुरू की है। इसमें ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर मोबाइल नम्बर पर एम–टिकट भेज दिया जाएगा, जिसमें

लगे क्यूआर कोड को स्टेडियम के गेट पर स्कैन कराकर लोग मैच देख सकेंगे।

——————————

लखनऊ के ऐशबाग स्क्वायर अपाटमेंट में फ्लैट्स के लिये अब 15 अप्रैल तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनसामान्य की मांग पर पंजीकरण अविध एक माह के लिये बढ़ा दी है।

(समाप्त)